## एक नजर में

### जीरन में साईं क्लिनिक सील करने पर भड़का आक्रोश



**जीरन।** जीरन नगर में स्थित श्री साईं क्लिनिक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किए जाने के बाद स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में जीरन और आसपास के गांवों के निवासी एकत्र हुए और नीमच कलेक्टर एवं जीरन तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर आपत्ति जताई। इस दौरान ग्रामीणों ने नीमचसीएमएचओ हाय-हाय के नारे भी लगाए। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 29 अक्टूबर की दोपहर झूठी शिकायत के आधार पर बिना उचित जांच के क्लिनिक संचालक डॉ. वीरेंद्र जाट के खिलाफ कार्रवाई की। उनका कहना है कि यह कार्रवाई एकतरफा और अनुचित है। ग्रामीणों ने बताया कि डॉ. वीरेंद्र जाट, जो मूल रूप से गांव धोकलखेड़ा के निवासी हैं, अपने सरल और सेवा-भावी स्वभाव के कारण जीरन क्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय हैं। उन्होंने कोरोना महामारी के कठिन समय में भी मरीजों की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वही ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि डॉ. वीरेंद्र जाट को शीघ्र बहाल नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी ।

### खेत में दिखा 12 फीट लंबा अजगर, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



**नीमच।** जावद क्षेत्र के खोर गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब किसान जगदीश गुर्जर के खेत में करीब 12 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्काल डिप्टी रेंजर चंपालाल गायरी को सूचना दी। जानकारी मिलते ही वनरक्षक अमित जैन, चौकीदार फोरू भील और रेस्क्यू एक्सपर्ट गजराज सिंह की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों की मदद से सावधानीपूर्वक अजगर को पकड़ा और सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा। डिप्टी रेंजर गायरी ने बताया कि अजगर पूरी तरह स्वस्थ है और उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी जंगली जीव को नुकसान न पहुंचाएं और दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

### 1 नवम्बर को पेंशनर संघ काली पट्टी बांध सौंपेगा ज्ञापन

**नीमच।** मध्य प्रदेश के पेंशनरों की न्यायोचित मांगों को नहीं मानने एवं केंद्रीय तिथि से पेंशनरों को मंहगाई राहत नहीं दिए जाने के कारण मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर संयुक्त विभाग पेंशनर संघ मुख्यालय नीमच एवं विद्युत मण्डल पेंशनर संघ काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर नीमच के माध्यम से 11.30 बजे सौंपेगा ज्ञापन।

### शहर ब्लॉक कांग्रेस का आयोजन आज

**नीमच।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नीमच के नेतृत्व में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को सुबह 11:00 बजे गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय पर मनाई जाएगी।

### लायंस की प्रेरणा से गोयल परिवार ने किए दिवंगत माता के नेत्रदान



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर के नेत्रदान-महादान प्रकल्प के अंतर्गत दिवंगत पुण्य व्यक्तियों के नेत्रदान निरंतर प्राप्त हो रहे है।इसी तरह की मानवीय पहल करते हुए राजेंद्र गोयल, संजय गोयल एवं अनिल गोयल (गोयल अगरबत्ती) की माताजी श्रीमती चंद्रकांता गोयल के देवलोकगमन के पश्चात् उनके द्वारा नेत्रदान का पुण्य कार्य लायंस के माध्यम से किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ किशोर शर्मा द्वारा नेत्र उत्सर्जित किए गए। इस पुनीत कार्य में समाजसेवी अनूप माहेश्वरी तथा पार्षद सुनील बंसल ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश कुदार, सचिव विक्रांत भावसार, प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास भंडारी एवं सदस्य मयंक जैन, मयूर सुराना, पंकज पोरवाल ने उपस्थित होकर परिजनों का इस मानवीय निर्णय के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया व क्लब के सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ग्राम संधारा के गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल में तम्बाकू के दुष्परिणामों की जानकारी दी, शपथ भी दिलाई



**मन्दसौर।** तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान को लेकर मंदसौर जिले के शासकीय कन्या उ.मा.वि.संधारा भानपुरा में तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, और भविष्य में तंबाकू सेवन न करने हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री रामसिंह चौहान ने छात्रों को गलत आदतों से बचने हेतु प्रेरणा तथा कहा कि तम्बाकू का सेवन शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाता है, इससे दूर रहे तथा अपने मिलने वालों को इसका सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित करे। प्राचार्य के.आर. गुजरिया ने कहा कि विद्यालय परिवार तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान हेतु कृत संकल्पित है।यह अध्ययनरत विद्यार्थी के साथ ही स्टॉफ भी इस दिशा में सार्थक कदम उठा रहे है। जिला तंबाकू नियंत्रण समिति सदस्य व मजदूर कल्याण समिति प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान के बारे में जानकारी दी तथा इस अभियान में सभी को जुड़कर तम्बाकू का सेवन नहीं करने की बात कही। इस अवसर पर श्रीमती रेखा जोशी प्रदेश उपाध्यक्ष, नवीन कुमार चौहान प्रदेश प्रभारी, दीपक भारती प्रदेश मीडिया प्रभारी सहित छात्र छात्राएं टीचर्स उपस्थित हुए।

# दो अलग -अलग बस हादसों में बाल-बाल बचे यात्री

▸ एक खाई में पेड़ पर अटकी, दूसरी कीचड़ में धंसी





**नीमच। जिले में पिछले दो दिनों में दो यात्री बसें बड़े हादसों का शिकार होने से बाल-बाल बची हैं। इन घटनाओं में बस ड्राइवरों की कथित लापरवाही सामने आई है। एक बस खाई में उतरकर पेड़ पर अटक गई, जबकि दूसरी कीचड़ में धंस गई।**

गुरुवार सुबह नीमच से जावी जा रही निलेश्वरी बस बोरखेड़ी के पास अनियंत्रित होकर खाई में उतर गई। गनीमत रही कि बस एक पेड़ पर अटक गई, जिससे वह पलटने से बच गई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि बस में सवार चार यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। हादसे की सूचना मिलते ही तहसीलदार संतोष कुमार मौके पर पहुंचे।

इससे एक दिन पहले, नीमच से चित्तौड़गढ़ जाने वाली मीनाक्षी बस भी ड्राइवर की लापरवाही के कारण हादसे का शिकार होते-होते बची। भाटखेड़ा फंटे से जावद फंटे तक निर्माणाधीन सड़क पर कलेक्ट्रेट चौराहे के पास ड्राइवर ने डायवर्सन रोड का उपयोग करने के बजाय निर्माणाधीन सड़क से बस निकाल ली। इसके चलते बस एक तरफ से खिसकते हुए कीचड़ में धंस गई और पलटने से बच गई।

बस के कीचड़ में धंसने के बाद, यात्रियों को दूसरी बस बुलाकर उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। बाद में जेसीबी की मदद से बस को बाहर निकाला गया। इन दो अलग-अलग घटनाओं ने परिवहन विभाग और बस ऑपरेटरों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों ने प्रशासन से लापरवाही बरतने वाले ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी गलतियों को रोका जा सके।



## नीमच फुटकर किराना व्यापारी संघ का दीपावली मिलन समारोह

**नीमच।** शहर के फुटकर किराना व्यापारी संघ का दीपावली मिलन समारोह गोदाम बालाजी मंदिर परिसर में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर संघ ने अपने 30 वर्ष पूर्ण होने का गौरवशाली क्षण मनाया। कार्यक्रम के दौरान संघ के सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान उनके सफल नेतृत्व, संगठन की मजबूती और कर्मठता के लिए किया गया।

सम्मानित पूर्व अध्यक्षों में दिनेश गुलाटी (राजू), अशोक मंगल, हीरानंद अर्जनानी और कमल मित्तल शामिल रहे। इन सभी ने उपस्थित व्यापारियों को उन्नत और सफल व्यापार की शुभकामनाएं दीं।

संघ के वर्तमान अध्यक्ष रितेश नांगलिया (बिल्लू), सचिव रितेश तलरेजा और कोषाध्यक्ष अनिल गोयल (जनरल) ने बताया कि संघ की एकता और संगठन की मजबूती के कारण ही आज यह 30 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर सका है। उन्होंने सभी व्यापारियों, वरिष्ठ सदस्यों और नई पीढ़ी का स्वागत करते हुए उन्नति और खुशहाली का दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में शहर के बड़ी संख्या में किराना व्यापारी शामिल हुए। सहभोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

## सहकार भारती ने गौ माता का पूजन व गो सेवा कर मनाया गोपाष्टमी पर्व

**मन्दसौर। सहकार भारती जिला मंदसौर द्वारा गोपाष्टमी के पावन पर्व पर श्री गोपालकृष्ण गौशाला मंदसौर प्रांगण में गौ माता पूजन एवं गोसेवा का कार्यक्रम रतलाम-मंदसौर-नीमच मंथन टोली के पालक देवेन्द्र शर्मा के विशेष सानिध्य में सम्पन्न हुआ।**



शर्मा द्वारा सहकार भारती द्वारा की जा रही समाजसेवा, देश की समृद्धि में सहकारिता का योगदान एवं भारत सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से 'भारत टैक्सी सेवा', 'सोर ऊर्जा' नवाचार के तहत नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराने, उनकी आर्थिक स्थिति सहकारिता के माध्यम से सुधारने की बात भी रखी। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों में मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष कुलदीपसिंह सिसौदिया व भाजपा महामंत्री अनिल कियावत भी मंचासीन थे। उनके द्वारा भी सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा किसान भाईयों को सहकारिता के माध्यम से शासन स्तर पर हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया। सिसौदिया द्वारा किसान भाइयों को जरूरत के समय डी.ए.पी. व यूरिया खाद उपलब्ध कराने के साथ ही नवाचार नेनो यूरिया, नेनो डीएपी, जैविक खाद अधिक से अधिक उपयोग की समझाईश किसान भाईयों को दी जावे ताकि कृषि उत्पादन में निरन्तर वृद्धि हो। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए सहकारी भारती जिलाध्यक्ष मोहनसिंह राजावत ने संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस शुभ अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा एवं सहकार भारती परिवार द्वारा गौमाता की पूजा अर्चना कर हरी घास एवं गुड़ अर्पण कर गौसेवा का पुण्य लाभ लिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, गोपालसिंह राजावत, जिला उपभोक्ता प्रकोष्ठ प्रमुख हरिश साल्वी, सहप्रमुख अजीजुल्लाह खान तथा सहकार भारती के उर्जावान सदस्य संतोषसिंह पंवार, अभय भटेवरा, बंशीलाल भट्ट, दिनेश पोरवाल, विरेन्द्रसिंह सोनी, योगेश गोड़, विरेन्द्रसिंह गोड़, महेन्द्रसिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन सहकारी भारती के जिला उपाध्यक्ष रसिक बिहारीसिंह चौहान ने माना।

## पोरवाल युवक- युवतियों की परिचय पुस्तिका का शीघ्र होगा प्रकाशन



**मन्दसौर।** अखिल भारतीय पोरवाल महासभा एवं अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में पोरवाल समाज के युवक युवतियों की परिचय पुस्तिका का प्रकाशन होने जा रहा है गरिमामय समारोह में पत्रिका का प्रकाशन भगवान पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर की पावन धरा पर 1 जनवरी 2026 को दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा ।

अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया ने चर्चा में बताया कि पत्रिका प्रकाशन के लिए लगभग 160 पंजीयन कर्ताओं को नियुक्त किया गया है जो गांव-गांव से पंजीयन करके मंदसौर कार्यालय में भेजेंगे पंजीयन की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है पंजीयन का शुल्क मात्र 51 रुपए निर्धारित किए गए हैं जिसमें पत्रिका भी उन्हें निशुल्क दी जाएगी ससम्मान पत्रिका घर पर पहुंचाई जाएगी।

पंजीयन प्रभारी भी अपने-अपने स्तर फॉर्म भरना प्रारंभ हो चुके हैं 1000 से अधिक बायोडाटा एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है 10 से अधिक पंजीयन करने पर पंजीयन प्रभारी को भी पुस्तिका निशुल्क दी जाएगी ।

बायोडाटा भेजने के लिए एवं अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संपर्क सूत्र कमेटी का गठन किया गया है जिसमें महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल नीमच, युवा संगठन संरक्षक गोविंद पोरवाल पिपलिया मंडी, ओमप्रकाश चौधरी होंडा, रामगोपाल घाटिया मंदसौर, कृष्णकांत मोदी मंदसौर राजेंद्र गुप्ता मोया वाला, जगदीश घाटिया, गोविंद मुजावदिया श्री जी, जगदीश डबकरा (भावना), महेंद्र मुजावदिया, अशोक रत्नावत, जितेंद्र गुप्ता (बारदान वाला) मनीष मांदलिया, संदीप सेठिया संजय धनोतिया, संजय पोरवाल(यूनिक), अजय धनोतिया, ललित पोरवाल, अंशुल रत्नावत को नियुक्त किया गया।

पूरी पत्रिका के संबंध में निगरानी रखेंगे एवं समय सीमा में पत्रिका का प्रकाशन हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा। समाज की सच्ची सेवा करने के उद्देश्य को लेकर उक्त पत्रिका का विमोचन होगा

सीतामऊ में आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की गई थी कि अखिल भारतीय पोरवाल महासभा एवं अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन शीघ्र ही एक परिचय पुस्तिका का प्रकाशन करेगा। सभी पंजीयन प्रभारी एवं राष्ट्रीय प्रदेश पदाधिकारी नगर पदाधिकारी इस काम में जुट जाएं एवं 15 नवंबर के पूर्व बायोडाटा भिजवाए। पत्रिका प्रकाशन में विज्ञापन भी निर्धारित किए गए हैं जिसमें अंतिम पेज 31000 रखा गया ओर अन्दर फुल पेज 11000, रखा गया है उक्त जानकारी अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल वेद द्वारा दी गई है।



## सेल्स संगठन ने अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन समारोह मनाया

**मन्दसौर।** सेल्स संगठन मंदसौर ने अन्नकूट का आयोजन कर अपना प्रथम दीपावली मिलन समारोह मनाया इस अवसर पर समिति के मार्गदर्शन हेतु मनोज शर्मा (सफल फूड्स), जितेंद्र शर्मा, अमित नागदा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

संगठन अध्यक्ष महेश सोमानी, संरक्षक दीपक तिवारी ने फूलमाला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन देते हुए संगठन अध्यक्ष सोमानी ने बताया कि सेल्स एसोसिएशन मंदसौर के सभी सदस्य विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में कार्य कर मंदसौर, नीमच एवं रतलाम तथा झाबुआ जिलो तक अपनी सेवाएं प्रदान कर फुटकर व्यापारी एवं होलसेल बाजार में सीधे कंपनी से माल उपलब्ध करवाने का कार्य करते है।कार्यक्रम में पधारे सभी सदस्यों का तिलक लगाकर एवं उपारना पहनाकर पंकज भावसार, अजय कोठारी एवं मनीष गौड़ ने स्वागत किया। इस अवसर पर लकी ड्रा का आयोजन कर सदस्यों को गिफ्ट भी भेट किए गए। कार्यक्रम का संचालन सौरभ सोमानी द्वारा किया गया व उपस्थित सदस्यों का आभार संदीप पवार एवं सुमित नागदा ने व्यक्त किया।

**एक नजर** ▸ जानिये क्या बोले कृषि वैज्ञानिक, नमी फायदेमंद या अफीम फसल को खतरा

# अचानक हुई बारिश से मालवा के खेत तरबतर, रबी फसलों के लिए वरदान या संकट



**नीमच। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में हुई बेमौसम बारिश ने मालवा अंचल के किसानों को हैरत में डाल दिया है। खेतों में पानी भरने से जहां मिट्टी की नमी बढ़ी है, वहीं अब यह सवाल उठने लगा है कि यह बारिश रबी फसलों के लिए वरदान बनेगी या संकट का कारण**

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सीपी पचौरी का कहना है कि इस समय हुई बारिश को एक ही नजरिए से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने बताया कि जिन खेतों में अभी बुवाई बाकी है, वहां यह बारिश सोने पर सुहागा साबित होगी। मिट्टी में नमी बढ़ने से चना, गेहूं और सरसों जैसी फसलों की बुवाई के लिए आदर्श स्थिति बन गई है।

हालांकि जिन खेतों में फसल अंकुरित हो चुकी है, वहां यह बरसात नुकसानदायक साबित हो सकती है। डॉ. पचौरी ने कहा कि यदि खेतों में पानी रुक गया तो सड़न और फफूंदजनित रोगों का खतरा बढ़ जाएगा। ऐसे खेतों में जल निकासी की तत्काल व्यवस्था जरूरी है।

**अफीम फसल को सबसे बड़ा खतरा**-मालवा-नीमच क्षेत्र में इन दिनों अफीम की बुवाई का दौर जारी है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक नमी अफीम की पौध के लिए हानिकारक है। जलभराव से पौध की जड़ें सड़ सकती हैं, जिससे फसल को शुरुआती अवस्था में ही नुकसान पहुँच सकता है। डॉ. पचौरी ने किसानों को सलाह दी कि बारिश के बाद खेतों की सफाई करें, हल्की गुड़ाई करें और दवाई छिड़काव पर ध्यान दें ताकि मिट्टी में हवा का संचार बना रहे। साथ ही फफूंद और कीट रोगों के प्रति सतर्क रहें।

**जिन किसानों ने अभी बुवाई नहीं की, उनके लिए मौका**-जिन किसानों ने अभी तक बुवाई नहीं की है, उनके लिए यह बारिश उम्मीद लेकर आई है। मिट्टी में पर्याप्त नमी बन जाने से बुवाई के लिए यह मौसम एक आदर्श अवसर बन गया है। हालांकि जहां बुवाई हो चुकी है लेकिन बीज अभी अंकुरित नहीं हुआ, वहां नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेषकर अफीम, मैथी, कलौंजी, धनिया और सरसों जैसी फसलों में नुकसान की आशंका अधिक है। फिलहाल, किसानों की निगाहें अब आने वाले दिनों के मौसम पर टिकी हैं। मौसम विभाग ने अभी और बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह बारिश मालवा की धरती को नई ऊर्जा देती है या फसलों के लिए नई चुनौती बनती है।